हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 05 नवंबर 2024


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री


12 टैगोर व अशोक सदन प्रथम





12 खरोरा के शहीद स्मारक में मनाया गया दीपोत्सव






## खबर संक्षेप

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के कर्रापारा में रहने वाले एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रकाश मेहेर नवंबर की शाम करीबन 7.30 बजे अपने घर के सामने पिता के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय मोहल्ले के पंकज सतनामी, सोनू सतनामी एवं प्रीतम सतनामी तीनों भाई नशे की हालत में आए और जबरदस्ती गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी को हाथ-मुक्का एवं ईंट से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### नाचने-गाने को लेकर कौंदकेरा में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कौंदकेरा में नाचने गाने को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को प्रार्थी बसंत कुमार यादव निवासी कौंदकेरा ने बताया कि 2 नवंबर को दीपावली त्यौहार मना रहे थे। रात करीब 9.15 बजे वह अपने घर के सामने में था। इसी दौरान गांव के कन्चू यादव, हेमंत यादव, चम्मन यादव और मुकेश यादव नाचने-गाने की बात को लेकर कामता यादव एवं लोकनाथ यादव के साथ डंडा से मारपीट कर गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली देने से मना किया। इस पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बीच बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के चचेरे भाई लोकेश यादव, तुलाराम यादव, रोहनी बाई यादव के साथ भी आरोपी कन्चू , हेमंत, चम्मन और मुकेश यादव ने एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये डंडे से मारपीट की। कोतवाली पुलिस महासमुंद ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# राज्योत्सव में बिखरेगी छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की छटा

## मंत्री दयालदास बघेल होंगे मुख्य अतिथि, पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे अपनी कविताओं से बांधेंगे समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय मिनी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव का शुभारंभ आज शाम 4 बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि शाम 4 बजे से अतिथियों का आगमन होगा और वे विभागीय स्टॉल का अवलोकन करेंगे। शाम 5 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। जिसमें कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे अपने मनभावन कविताओं से समा बांधेंगे। महतारी लोक कला मंच खरोरा की प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ी की समृद्ध लोक संस्कृति की छटा बिखरेगी तथा अलंकार बैंड पार्टी की रंगारंग संगीतमयी कार्यक्रम की धूम रहेगी। समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### विभाग जिनके स्टॉल लगेंगे

राज्योत्सव में जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, जल संसाधन, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, जल संसाधन, जिला परिवहन, पुलिस विभाग, जिला सेनानी, रेशम, आईटीआई, विधिक सेवा प्राधिकरण, बैंक, जनसंपर्क, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।




### खाद्य एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल का दौरा कार्यक्रम

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मंगलवार 5 नवंबर को जिले के दौरे पर रहेंगे। खाद्य मंत्री बघेल दोपहर 2 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। तत्पश्चात खाद्य मंत्री बघेल शाम 4:30 बजे राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा वे रात्रि 9 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जन चौपाल आज स्थगित

राज्योत्सव के आयोजन के चलते जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित होने वाले जन चौपाल को स्थगित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आगामी जन चौपाल कार्यक्रम यथावत रहेगा।

### इन अतिथियों की रहेगी मौजूदगी

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरीनंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सरायपाली चंद्रकुमार पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा स्मृति हितेश चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष बागबाहरा हीरा संतराम बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली कुमारी भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव राकेश चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसना रुक्मणी सुभाषचंद्र पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना गजेंद्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा सत्यभामा नाग एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा आत्माराम यादव के विशिष्ट आतिथ्य एवं गणमान्य अतिथियों, नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।

**उलझन :** स्पष्ट निर्देश नहीं होने के कारण विभाग न राशन रोक पा रहा न बोगस घोषित कर पा रहा

# पांच बार बढ़ी राशन कार्ड सत्यापन की तिथि, अब भी 4 प्रतिशत शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पांच बार राशन कार्ड सत्यापन की तिथी बढ़ाए जाने के बाद भी जिले में अब भी तकरीबन 4 प्रतिशत कार्डधारियों ने ईकेवाईसी नहीं कराए। शासन द्वारा अब तक इनके राशन रोके जाने के संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं हैं इसलिए, सत्यापन नहीं कराए जाने और लगातार राशन का उठाव किए जाने के कारण इन्हें बोगस भी घोषित नही किया जा पा रहा।

बता दें कि जिले में 3 लाख 39 हजार राशन कार्डधारियों में से 3 लाख 26 हजार लोगों ने कार्ड का सत्यापन करा लिया है। अब शेष केवल यही 4 प्रतिशत रह गए। इधर, न तो इन कार्डों पर राशन के लिए रोक लगाई जा रही है और न ही इन्हें बोगस माना जा रहा है। ऐसे में अब तिथि तो बढ़ाई नहीं गई है लेकिन, आगामी दिनों में तिथि के छठवीं बार बढ़ाने की संभावना है। हालांकि माह नवंबर के लिए इन कार्डधारियों के लिए आबंटन नहीं होने की बात सामने आ रही है।

खाद्य विभाग ने नवंबर महीने का इनका आबंटन भेजा है। दूसरी ओर, केंद्र सरकार द्वारा राशन मशीनों के अपडेट के कारण पिछले दो दिनसे राशन दुकानें बंद हैं, जिससे हितग्राहियों को राशन नहीं मिल रहा है। रविवार की दोपहर तक दुकानें खुलने की संभावना है।

खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 3 लाख 39 हजार राशन कार्ड धारी हैं, जिनमें से तकरीबन 13 हजार लोगों ने सत्यापन नहीं कराया है। ज्ञात हो कि प्रदेश में पिछले आठ महीनों से राशनकार्ड का सत्यापन चल रहा है, लेकिन अब भी 5 बार तिथि बढ़ाए जाने पर भी जिले के इन कार्डधारी अपने सत्यापन को लेकर संजीदा नहीं है।



### पांच बार बढ़ाई गई अंतिम तिथि

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि शासन द्वारा सत्यापन के लिए 5 बार तिथी बढ़ाई गई लेकिन, जिले के 4 प्रतिशत कार्डधारियों ने सत्यापन नहीं कराया। शासन की ओर से अब तक कोई नई तारीख जारी नहीं की गई है, साथ ही स्पष्ट निर्देश आने का इंतजार है।

### बोगस हो सकते हैं राशन कार्ड!

खाद्य विभाग के अनुसार, जिन लोगों ने सत्यापन नहीं कराया, यदि ऐसे कार्डधारी खाद्यान्न लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें अपनी जानकारी विभाग को देनी होगी, जिसमें आधार कार्ड और एड्रेस प्रूफ मांगा जा सकता है। विभाग को आशंका है कि ये राशनकार्ड बोगस हो सकते हैं। लेकिन स्पष्ट दिशानिर्देश नही होने की बात कहते हुए अफसरों ने बताया कि सत्यापन नहीं करने पर राशनकार्ड शुरू नहीं होगा।

# दंतैल का विचरण वनमंडल परिक्षेत्र में, अलर्ट जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दंतैल हाथी की उपस्थिति को लेकर महासमुंद वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सोशल मीडिया पर जारी अलर्ट संदेश में कहा है कि एमई दंतैल हाथी ने फिंगेश्वर से निकाल कर बघनई नदी को पार कर धनसुली और जीवतरा के खेत से होते हुए कक्ष क्रमांक 78,79 के जंगल में प्रवेश किया है। इस हाथी की उपस्थिति के चलते विभाग ने ग्राम जीवतरा, कोना, बकमा, धनसुली, केशवा, बोरियाझर, कोसरंगी, खट्टी गांव के लिए हाई अलर्ट जारी किया है।

साथ ही विभाग ने बताया कि रात्रि में यह दंतैल हाथी महासमुंद से बागबाहरा रोड को पार कर कर आगे की ओर बढ़ सकता है। इसके चलते सिरगिड़ी, झालखम्हरिया, उमरदा, अरंड, मुडमार, पतेरापाली, गौरखेड़ा, दलदली, सोरिद, बनसिवनी के आसपास के ग्रामीणों से सतर्क रहने कहा है। विभाग ने ग्रामीणों से जंगल में नहीं जाने, सतर्क रहने, एक-दूसरे को सचेत करने तथा हाथी के दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील की है।

# समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक चलाने के लिए सौंपा गया ज्ञापन



**महासमुंद।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक के पदाधिकारियों, सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर विशाखापट्टनम -निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस (12807/ 12808) को हरिद्वार (उत्तराखंड) तक चलाने की मांग को लेकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि हरिद्वार से पूरे भारत में चारों धाम की यात्रा करने वालों का प्रवेश द्वार है। यहां सभी प्रदेशों से लाखों तीर्थयात्री एवं शिक्षणार्थी लगातार आते रहते हैं। आंध्रप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड आदि प्रांतों से तीर्थयात्रा एवं आध्यात्मिक प्रशिक्षण सत्रों हेतु हरिद्वार तक यात्रा करते हैं। यहां तक सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा है कि समता एक्सप्रेस जो विशाखापट्टनम से चलकर निजामुद्दीन 18.10 बजे आती है जो पूरे 13 घंटे निजामुद्दीन स्टेशन रूककर दूसरे दिन 7 बजे रवाना होती है। चूंकि, निजामुद्दीन हरिद्वार तक डबल लाइन एवं विद्युतीकरण हो चुका है। इसलिए उक्त ट्रेन को आगे ले जाने में असुविधा नहीं होगी। रेल प्रबंधन इस ट्रेन को हरिद्वार तक चलाता है तो आंध्रप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड आदि प्रांतों के लाखों तीर्थयात्रियों को लाभ मिलेगा और रेलवे को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। ज्ञापन सौंपने रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, परस चौहान, जगमोहन साहू, धनवंतरी सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## चोरी की कोशिश के चलते एटीएम और सीसीटीवी में तोड़फोड़

### एटीएम केवल सीसी टीवी कैमरों के भरोसे, दो आरोपियों के गिरफतार किए जाने की खबर

**महासमुंद।** रविवार और सोमवार की दरमियानी रात पिथौरा के पुरानी कन्या शाला के पास स्थित एसबीआई एटीएम में चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की घटना प्रकाश में आई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा एटीएम मशीन के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया, ताकि उनकी पहचान ना हो पाए। घटना के तुरंत बाद पिथौरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। तकनीकी सबूतों और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से एक संदेही को गिरफ्त में लिया गया और कड़ाई से पूछताछ करते हुए दूसरे आरोपी को भी ढूंढ निकाला गया है। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपी समीपस्थ ग्राम राजासैवैय्या के हैं।

**घटना ने बढ़ाई चिंता**

घटना के सामने आने के बाद एटीएम मशीन की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों की मानें तो इसमें बैंक प्रबंधन की लापरवाही है। एटीएम को केवल सीसी टीवी कैमरों के हवाले रख छोड़ा गया है और सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी नहीं लगाए जाने के कारण चोरों ने इस हौसले के साथ कोशिश की।

## नपाध्यक्ष ने छठ पूजा के लिए कराई महामाया तालाब और घाट की सफाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छठ पूजा की शुरुआत आज से होगी। तालाब और घाट में पसरी गंदगी के संदर्भ में प्रमुखता से ध्यानाकर्षण कराए जाने पश्चात सोमवार सुबह पालिका अमला नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में महामाया तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि गणेश चतुर्थी व नवरात्र पर्व पर विराजित गणेश और मां दुर्गा प्रतिमा उक्त तालाब में विसर्जित किए जाने के बाद तालाब के चारों ओर प्रतिमा के अवशेष से कचरों का अंबार लग गया था। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने तालाब में स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब की सफाई कराई। ताकि आज से शुरु होने वाले छठ महापर्व पर पहुंचने वाली छठहारिनों को कोई परेशानी न हो।

## बगैर अनुमति स्कूल संचालन, 50 हजार रुपए अर्थदंड व स्कूल बंद करने का आदेश

**महासमुंद।** शिक्षा विभाग से बगैर अनुमति बिजेमाल में एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालन की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल संचालक को 50 हजार रुपए अर्थदंड व स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने 19 मार्च 2024 को संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर से इसकी शिकायत की है। उक्त निजी स्कूल को शिक्षा विभाग की ओर से विधि सम्मत स्कूल संचालन करने अनुमति प्रदाय नहीं किया गया है। बता दें कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद श्रीमती मीता मुखर्जी ने इस एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल को बगैर मान्यता संचालित होने की जानकारी पर स्कूल को तत्काल बंद कराने का आदेश भी जारी किया था। लेकिन, उक्त आदेश का पालन स्कूल संचालक ने नहीं किया। लिखित शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को उच्चाधिकारियों ने कई बार नोटिस जारी किया। बाद डीईओ मोहन राव सावंत ने 28 अक्टूबर 2024 को स्कूल संचालक पर 50 हजार रुपए जुर्माना व स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया। पचास हजार रुपए जमा नहीं करने की स्थिति में प्रतिदिन दो हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश भी दिया गया है।

# एक ही वार्ड निवासी दो शिक्षकों के घर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र के एक ही वार्ड में निवासरत दो शिक्षकों के निवास को चोरों ने निशाना बनाया है। पुलिस ने मामले में शिक्षकों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है।

बसना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11 सांई विहार निवासी व व्याख्याता गजानंद भोई पिता पारेश्वर भोई (50 साल) दीपावली पर्व पर 1 नवंबर को अपने परिवार सहित शाम 5 बजे मकान में ताला लगाकर ससुराल बरगढ़ ओडिशा गए हुए थे। अगले दिन सुबह 9 बजे पड़ोस के कुलेश्वर साहू ने शिक्षक को फोन कर बताया कि आपके मकान के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। 2 नवंबर की शाम करीबन 4 बजे जब प्रार्थी अपने मकान साई विहार बसना पहुंचा तो देखा कि घर कमरा का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। कमरे के अंदर रखी आलमारी भी खुली थी। जिसमें से एक जोड़ी ईयर रिंग सोने का एक जोड़ी पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 6644 रुपए एवं एक जोड़ी चांदी की पायल कीमत 5000 रुपए कुल कीमत 11,644 रुपए नहीं थे।

इसी तरह चोरी के दूसरे मामले में प्रार्थी व सहायक शिक्षक नरेंद्र डडसेना पिता मुकुंद डडसेना (41 साल) निवासी वार्ड नंबर 11 साई विहार ने पुलिस को बताया कि दीपावली पर्व पर वह एवं उसका परिवार 31 अक्टूबर के सुबह 9 बजे अपने मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम पुरगांव बिलाईगढ चले गए थे। अगले दिन सुबह 9 बजे पड़ोस के प्रकाश साहू ने फोन कर बताया कि आपके मकान के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। 2 नवंबर की दोपहर 12 बजे वापस घर आया तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ मिला। कमरे में रखे आलमारी में दो जोड़ी चांदी का पायल पुरानी इस्तेमाली कीमत 5000 रुपए एवं चांदी का छोटा कड़ा तीन नग कीमत 3000 रुपए एवं सोने का छोटा लॉकेट कीमत 2000 रुपए जुमला कुल 10,000 रुपए नहीं था। पुलिस ने इन दोनों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बाइक को टक्कर मारा, एक घायल

**महासमुंद।** घरेलू काम से पिरदा जा रहे एक व्यक्ति की बाइक को एक दूसरे बाइक चालक ने ठोकर मार दी। पुलिस ने बताया कि पद्मलाल साव निवासी ग्राम पुरूषोत्तमपुर 20 अक्टूबर को बाइक सीजी 06 जीएस 2427 से घरेलू काम से ग्राम पिरदा जा रहा था। शाम करीबन 05 बजे भीखापाली दास फैंसी स्टोर के पास पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल सीजी 06 जीडब्लू 4237 के चालक दीपेश उर्फ त्रिलोचन साहू निवासी ग्राम ताला ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए प्रार्थी की बाइक को सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद गिरने से प्रार्थी घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## सोना-चांदी चमकाने के नाम पर महिला से ठगी

**महासमुंद।** सोने-चांदी के जेवर चमकाने के नाम पर जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पितईपाली में एक महिला ठगी की शिकार हो गई। आरोपियों ने महिला को झांसा देते हुए मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पितईबंद में सुबह करीबन 8 बजे बाइक से दो लोग रूकमणि चौधरी के घर पर आए और उन्होंने कहा कि वे लोग पुराने सोने-चांदी जेवर को साफ करते हैं और कहा कि सोना हो तो चमका कर सैंपल दिखा देंगे। उनके झांसे में आकर महिला ने अपना सोने का मंगलसूत्र करीबन 8 ग्राम साफ करने दे दिया। जिसे एक आरोपी ने प्लास्टिक पैकेट में डाला व पैकेट में पाऊडर डालकर साफ करता हूं कहकर अपने पास रख लिया। कुछ समय बाद उन लोगों ने महिला को प्लास्टिक का पैकेट को वापस किया और वे लोग वहां से चले गये। शंका होने पर महिला ने कुछ देर बाद प्लास्टिक के पैकेट को खोलकर देखा तो उसे में 4 नग पत्थर के टुकड़े थे। पुलिस ने महिला के पति की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

रायपुर। भाईदूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा न्यू शांतिनगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजा-अर्चना की गई। साथ ही रविवार को शाम 5.30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह जानकारी समाज के संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 नवंबर को शाम 5 बजे से होटल प्रकाश पैलेस में होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. अविनाश, विट्ठल श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, नितिन खरे, मंजू वर्मा, डॉ. सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### मातर में अखाड़ा का किया प्रदर्शन



रायपुर। ग्राम मटिया में मातर कार्यक्रम में अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। विगत 30 वर्षों से इसका संचालन किया जा रहा है। मातर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के गृहग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, रामचंद्र साहू, अतुल वर्मा, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष, समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गौरा-गौरी उत्सव आस्था का प्रतीक



रायपुर। प्राचीन दूधाधारी मठपारा के चिरंजीव तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शानदार आयोजन किए, जिसमें पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर पहुंचे और उन्होंने कहा, गौरा-गौरी आस्था के प्रतीक हैं, भगवान शिव और पार्वती के अवतार हैं, पहले गणेशजी और दुर्गा माता की झांकी निकलती थी, लेकिन पिछले 25 वर्षों से यह परंपरा शुरू हो गई है और गौरा-गौरी की भी झांकी निकाली जाती है। इसमें विभिन्न मोहल्ले के आयोजक विसर्जन करने दूधाधारी मठपारा पहुंचते हैं। यह उत्सव मया देदे और मया लेले का त्योहार है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, सतनाम सिंह, चंद्रपाल धनगर, सुमित दास, मल्लिका प्रजापति, जीवनलाल ध्रुव, गोपाल वर्मा, बजरंग धीवर आदि शामिल थे।

### दीपावली पर किया भंडारा, बांटी सामग्री



रायपुर। साधक परिवार द्वारा पर दीपावली के अवसर पर रविग्राम में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे प्रार्थना, वंदना, आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पं. हेमंत शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान की महिमा व दिवाली पर्व पर दीप की महिमा बताकर साधक परिवार के उद्देश्य को सुंदर ढंग से समझाया। कार्यक्रम में शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल महाराज की विशेष उपस्थिति रही। साधक परिवार ने जरूरतमंद परिवारों में दीये, बाती, तेल, चावल, दाल, खजूर, पोहा, आटा, मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन में संत युधिष्ठिर महाराज, पं. हेमंत शास्त्री, शक्तिधाम के मोहन लाल तेजवानी, सिंधु शक्ति के किशोर आहूजा, भाजपा के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, सिंधी समाज के शंकर लाल दानवानी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, विजय अमरानी, मनोज गोगिया, डी. नारायण राव, यशवंत वर्मा सहित महिला मंडल की बहनें और बाल संस्कार के सेवादारी उपस्थित रहे।

# बारिश खत्म, धीमे-धीमे तापमान में गिरावट, आउटर में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बारिश की गतिविधि समाप्त होने के बाद रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इसके प्रभाव से बाहरी इलाकों में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। अभी अंबिकापुर में तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री कम हो चुका है, मगर राजधानी का पारा चार डिग्री चढ़ा हुआ है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिन की तुलना में रात की लंबाई में वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से जमीन को ठंडा होने का वक्त मिलने लगा है। इसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया। माना जा रहा है कि न्यूनतम तापमान में अभी बड़ी गिरावट तो नहीं होगी, मगर कमी आने का दौर जारी रहेगा। अब तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से बादल छाए हुए थे और कहीं-कहीं बारिश भी हो रही थी। एक नवंबर से वर्षा की गतिविधि पर पूर्ण विराम लग गया है। इसके बाद रात के तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना बढ़ गई है। अभी शहर के मध्य इलाकों में वाहनों की आवाजाही अधिक होने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है, मगर आउटर में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। सरगुजा संभाग में सुबह के वक्त हल्की ठंड की दस्तक हो चुकी है। यहां का तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री तक नीचे जा चुका है, जबकि रायपुर समेत अन्य शहरों का तापमान सामान्य से काफी अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 23.3 जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक तथा दिन का अधिकतम तापमान 34.1 सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है। अगले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### अंबिकापुर में डेढ़ डिग्री कम हुआ पारा, शहर में चार डिग्री ज्यादा

#### 89 साल पहले सबसे ज्यादा और सबसे कम

रायपुर में 89 साल पहले यानी 1935 में नवंबर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री 22 नवंबर को दर्ज किया गया था। इसी तरह 1935 में ही 2 नवंबर को तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वर्ष 1924 को सर्वाधिक मासिक वर्षा 138 मिमी. हुई थी और चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा 70 मिमी. वर्षा 2 नवंबर 1930 में हुई थी।



फाइल फोटो

## सब्जी विक्रेताओं को उचित मूल्य, लोगों को हरी सब्जी दिलाने की मुहिम फेल

# 1.28 करोड़ के उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे सब्जी उत्पादक, मंडी बोर्ड 4 साल में नहीं ले पाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

किसानों के लिए उपभोक्ता बाजार बनवाने के बाद कृषि मंडी बोर्ड भूल गया है। किसानों से फीडबैक लिए बिना पंडरी और गंजपारा में 150 से ज्यादा दुकानें बनवा दी गईं। 6 साल पहले बाजार का शुभारंभ करवाने के बाद अब जिम्मेदार किसानों को बाजार से जोड़ने में नाकाम हैं। इससे चार साल से बाजार में सन्नाटा पसरा है। किसान बाजार में सब्जी लेकर आने का जोखिम अभी भी नहीं उठाना चाहते। इससे लोगों को किसानों से रोज हरी-सब्जी खरीदने की सुविधा भी नहीं मिल रही है।

राजधानी में कृषि उपज मंडी बोर्ड ने शासन के आदेश पर करीब 6 साल पहले पंडरी में करीब 96, गंजपारा में 60 दुकानों का निर्माण करवाने पर क्रमशः 92 व 36 लाख रुपए यानी 1.28 करोड़ खर्च किया। विगत चार साल से सब्जी बाजार वीरान पड़ा है। दोनों ही क्षेत्र में शहर के आसपास बाड़ी में सब्जी बेचने वालों को निःशुल्क बाजार देने के लिए किया गया प्रयास इस कारण भी फेल हुआ, क्योंकि कोविड के दौरान किसानों और थोक सब्जी विक्रेताओं के बीच बाड़ी से सब्जी लेन-देन का नया सिलसिला शुरू हो गया। इसे देखते हुए किसानों ने व्यापारियों को बाड़ी से ही सब्जी बेचना शुरू कर दिया। इससे सब्जी उत्पादक बाजार तक आने से बचने लगे, क्योंकि उन्हें घर बैठे उचित मूल्य मिलने लगा और गाड़ी भाड़ा भी बच रहा है। नतीजा, रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया है।



### सही मूल्य दिलाने की पहल

शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को कोचियों से बचाने और सही मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार बनवाया। पंडरी में बाजार शुरू होने से लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा था। देवेन्द्र नगर, राजातालाब ,लोधीपारा, फाफाडीह सहित आस-पास के लोग सब्जी लेने पहुंचते थे। सालभर से भी ज्यादा समय तक बाजार गुलजार रहा। इस बीच कोविड शुरू हुआ व बाजार में किसानों को आने की मनाही ने उसे विरान किया। अब व्यापारियों व किसानों में लेन-देन शुरू होने से वे उपभोक्ता बाजार में नहीं आए।

### नहीं शुरू हुआ यह बाजार

रामसागर पारा, समता कॉलोनी, बढ़ईपारा सहित आस-पास के लोगों को गंजपारा में बनवाए किसान उपभोक्ता बाजार से जोड़ने के लिए निर्माण में बड़ी लापरवाही हुई। पार्किंग की स्थिति जांचे बिना बाजार बनवाने से किसानों ने वहां आने से इंकार किया। इसके चलते बाजार बनने के बाद शुरू नहीं हुआ। इसके लिए बोर्ड ने कई बार निगम से जमीन मांगा, मगर प्रक्रिया जुबानी रह गई। इससे दोनों बाजारों का बुराहाल है। गंजपारा में बनवाए गए बाजार में आस-पास कारोबार करने वाले सामान रखने लगे हैं, इसलिए भी बाजार शुरू नहीं हुआ।

### प्रभारी तय किया हैं, करेंगे प्रयास

उपभोक्ता बाजार में सब्जी उत्पादकों को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास जारी है। इसके लिए बोर्ड ने प्रभारी भी तय किया है। उनके माध्यम से धान की कटाई के बाद एक बार फिर नए सिरे से बाजार शुरू करवाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा।

**- प्रदीप शुक्ला,** सचिव, कृषि उपज मंडी, रायपुर

### बाजार के लिए प्रभारी तय

मंडी बोर्ड ने सब्जी उत्पादकों को बाजार में वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया। हर बार किसानों ने बहाना करते हुए अधिकारियों को टालने का प्रयास किया। नए लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास भी फेल हो गया। इसके बाद बाजार शुरू हो इसके लिए बोर्ड के जिम्मेदारों ने उपभोक्ता बाजार का संचालन करने के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। अब दावा किया जा रहा है कि धान की फसल कटाई के बाद दोनों बाजार को शुरू किया जाएगा। बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बाजार को शुरू करवाने के लिए अंतिम बार प्रयास किया जाएगा।

## 30 हजार के पटाखे जब्त

# ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करने वाले यात्रियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ ट्रेनों में जांच के दौरान आरपीएफ ने ज्वलनशील पदार्थ रखे यात्रियों पर की कार्रवाई

दीपावली के दौरान ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करना यात्रियों को भारी पड़ गया। आरपीएफ ने जांच के दौरान ज्वलनशील पदार्थ के साथ सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की है।


कई यात्रियों को जानकारी नहीं होती कि ट्रेन में पटाखे लेकर सफर नहीं कर सकते। आरपीएफ ट्रेन के भीतर और स्टेशनों में लगातार यात्रियों के बैग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में अभी तक 30 हजार से अधिक का पटाखा जब्त किया जा चुका है। प्लेटफार्म 1 के पास बेंच में एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर बैग में पटाखा होना बताया और अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद धारा 164 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर को सुपुर्द किया गया। पोस्ट प्रभारी रायपुर के आदेश पर आरोपी अनिल कुमार नागेश्वर के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### जानकारी होने के बाद भी बैग में रखा पटाखा

प्लेटफार्म में सेफ्टी ड्राइव व जांच के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। इस दौरान एक प्लास्टिक बैग में विस्फोटक पदार्थ पाया गया। विस्फोटक पदार्थ को रेलवे में लाने और परिवहन करने के संबंध में कोई वैधानिक अधिकार पत्र की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं कर सका और अपनी गलती स्वीकार की। आरोपी गंगेश्वर वर्मा को रेलवे अधिनियम की धारा 164 का उल्लंघन करना पाकर धारा 179 रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया।

# बागेश्वर धाम सरकार ने योगी के बयान 'बंटोगे तो कटोगे' का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ मीडिया से चर्चा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा

बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बंटोगे तो कटोगे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि वे भारत को एक करने 21 से 29 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे। इसका मकसद भारत को एक करना है। हिंदुओं को जो जात-पात, भेदभाव में बंटे हैं, उन्हें एकजुट करने पदयात्रा निकाली जाएगी, क्योंकि अब करो या मरो की बारी है।

रविवार को राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बागेश्वर धाम सरकार ने ये बातें कही। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र दूंगा। अगर हिंदू एक साथ रहेंगे, तो गैर सनातनी लोग हिंदुओं को तोड़ नहीं पाएंगे।

### अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में हिंदुओं के दुकान खोलने वाली मांग का मैं समर्थन करता हूं। यह सही है कि जो लोग सनातन धर्म को नहीं मानते, वह संतों का क्या सम्मान करेंगे। उससे द्वंद्व पैदा होगा। विदित हो, प्रयागराज महाकुंभ में गैर हिंदुओं को दुकान नहीं दिए जाने के अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के बयान का बागेश्वर धाम सरकार ने समर्थन किया है और कहा है कि अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी है, अति उत्तम सोच है। जब राम से तुम्हारा कोई काम नहीं है, तो राम के काम से क्या काम है।

# 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षक 11 को सीएम के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर को सभी विकासखंड मुख्यालयों में आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद हजारों शिक्षक मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। इसके साथ ही समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत आंदोलन के पहले चरण में 4 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। दूसरे चरण में 24 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर शासन का ध्यान सहायक शिक्षकों के लंबित मांग की ओर आकर्षित कराया गया। इसी कड़ी में 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार की मांग करने अनोखा प्रदर्शन किए। अब 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तरह 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- वेतन विसंगति दूर करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।
- सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश जारी हो।
- शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने की मांग।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग आज, मॉकपोल कर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ निर्माता कंपनी के इंजीनियर देंगे प्रेजेंटेशन

रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य मंगलवार प्रातः 10 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर द्वारा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को दी गई है।

मशीनों के कमीशनिंग का कार्य सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंचेंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा।




### प्रत्याशी अवलोकन के लिए उपस्थित हों- कंगाले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा चुनाव रायपुर नगर दक्षिण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन के लिए नियत तिथि व समय पर उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हों।

### बुर्जुग और दिव्यांग मतदाता इस दिन करेंगे मतदान

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांग 5 एवं 6 नवंबर को मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा, उप निर्वाचन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाएं। कोई भी मतदाता अपने मतदान के पूर्व पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

# लभांडी की पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने स्मार्ट सिटी से मिलेगा फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने रायपुर स्मार्ट सिटी नगर निगम को फंड उपलब्ध कराएगी।

इस संबंध में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा। बोर्ड आफ डायरेक्टर की स्वीकृति मिलते ही लभांडी सहित आसपास के रहवासियों को नई पानी टंकी से बारहों महीना पीने का शुद्ध पानी बिना किसी दिक्कत के उपलब्ध होने लगेगा। नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नहीं हैं।

डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।



- स्मार्ट सिटी ने निगम के भेजे पत्र पर लिया संज्ञान
- बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय
- डेढ़ साल से अटका काम

### स्मार्ट सिटी से मांगा है फंड

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा के मुताबिक अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरू कराने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की गई है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है, जिसे क्लीयर कर बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने पर लभांडी पानी टंकी से राइजिंग लाइन को जोड़ने और नई पाइप लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो जाएगा। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरू करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग की जाएगी।

# हनुमान मंदिर में पूजा पाठ, प्रसाद वितरण भी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुढ्ढेश्वर चौक पर शनिवार को हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर श्री शर्मा ने बताया कि कार्तिक शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा का पर्व विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और गोमाता को समर्पित है, इसलिए इसमें श्रीकृष्ण और गायों की पूजा होती है। इसी दौरान अन्नकूट गोवर्धन के साथ ही गोमाता की पूजा की गई। गाय को खिचड़ी बनाकर खिलाई एवं प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## खबर संक्षेप



### आंतरिक ज्ञान, गुण और शक्तियों को जागृत करने का पर्व है दीपावली : सरिता दीदी

**धमतरी।** आंतरिक ज्ञान, गुण और शक्तियों को जागृत कर अंतर्मन को प्रकाशमान करने का पर्व दीपावली है। यह पर्व आत्म ज्योति का सच्चा दीपक जगाने की प्रेरणा देता है। उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ धमतरी सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका सरिता दीदी ने 2 नवंबर को प्रातःकाल दिव्यधाम में आयोजित दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली पर्व पर हम कोने-कोने की सफाई करते हैं, लोगों से अच्छे व्यवहार करते हैं, प्यार से बात करते हैं। हमें लगता है कि हमारा सबके साथ रिश्ता इतना अच्छा है। लेकिन हमें पता ही नहीं चलता है कि कब हमने अपने मन में उनके प्रति कौन सी गांठ बांध कर रखी है। कई बार सामने वाले के प्रति शब्द और व्यवहार अच्छे होते हैं लेकिन मन में कहीं न कहीं वह आदर, सम्मान का भाव नहीं होता है। इस दीवाली हम अपने मन के कोने-कोने में छिपी कोई बुराई, गलत संस्कार और गलत सोच की सफाई करें। इससे मन का अंधकार दूर होगा। एक नया उजाला आएगा। माउंट आबू से पधारे बीके चुनेश ने कहा कि आत्मा ही सच्चा दीपक है। बाहर के अन्धकार को तो मिट्टी के दीपक जलाकर दूर कर सकते हैं किन्तु अंतर्मन में छाए हुए अन्धकार को दूर करने के लिए हमें सभी के लिए शुभ संकल्पों के दीप जलाने होंगे। इस अवसर पर देवी लक्ष्मी जी की भव्य रंगोली भी बनाई गई थी जिसके सामने सभी ने श्रेष्ठ संकल्प के साथ दिये जलाए। श्री लक्ष्मी और श्री नारायण का भव्य दरबार लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। 21 दीपकों के सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे जिसके सामने सभी ने अपना फोटो खींचा और 21 दीपकों में लिखे गए कोई न कोई एक गुण धारण करने के लिए सभी संकल्पबद्ध हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया।

## निधन

### देवानंद दीवान

**नर्रा।** कोकड़ी निवासी देवानंद दीवान (65) का 31 अक्टूबर गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्ठी कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में जुटे। वे कुंवरसिंह दीवान के छोटे भाई एवं टुनेश दीवान के पिता थे।

### श्रीमती अनुसुईया शुक्ला

**महासमुंद।** शहर के क्लबपारा वार्ड निवासी श्रीमती अनुसुईया शुक्ला



पति लालता प्रसाद शुक्ला का आकस्मिक निधन 3 नवंबर को हो गया। वे नन्हा एवं संदीप शुक्ला की माता, छोटू, रोहित, एवं संदीप दीवान की सास थीं। अंतिम संस्कार सोमवार को गृहग्राम ग्राम रजकट्टी-जामगांव, जिला गरियाबंद में किया गया।

भाई दूज की शाम अजय फाउंडेशन ने आयोजित की लाफ्टर एंड म्यूजिकल नाइट

# सुनील की कॉमेडी व विकल्प की मिमिक्री से दर्शक हुए लोटपोट



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद**

भाईदूज की शाम अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन द्वारा लाफ्टर एंड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमें कॉमेडियन सुनील पाल और कपिल शर्मा शो फेम विकल्प मेहता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन पश्चात अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन के साथ हुई।

प्रसन्न नायडू ने स्वागत भाषण देते हुए फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में रोज 50-100 लोग अध्ययन करने पहुंच रहे हैं। बेस्ट किताबों का संग्रह इस लाइब्रेरी में किया गया है। साथ ही परिसर में ओपन जिम, जॉगिंग-रनिंग ट्रेक में सुबह शाम लोग पहुंच रहे हैं। इसके बाद म्यूजिकल नाइट में कलाकारों ने पुराने सदाबहार गीतों के नगमें सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बैस, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष मलय चंद्राकर, प्रसन्न नायडू, शुभम बैस, खेमराज सिन्हा, पावस चंद्राकर, अनुशासन आमदे, शेखर चन्द्राकर, खिल्लु देवांगन सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### रात 10 बजे तक चलता रहा हंसी ठिठोली का सिलसिला

कार्यक्रम में सुनील पाल ने नगरवासियों का खूब मनोरंजन किया। कुछ नए कुछ चुनिंदा पुराने टुकड़ों को सुनाया। सुनील ने राजनेताओं को जहां निशाने पर रखा, वहीं युवा- युवतियों और महिलाओं के बीच की मिठास का भी रंग घोला। कहा अगर करोगे प्यार सीता से तो राम हो जाओगे। अगर करोगे प्यार राधा से तो श्याम बन जाओगे। अगर करोगे जबरदस्ती आसाराम बन जाओगे। इसके साथ जैसे ही विकल्प मेहता एक्शन मूड में मंच पर आए, वैसे ही पूरा ऑडियो तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद विकल्प ने रावडी राठौड़ फिल्म के मशहूर डायलॉग जो मैं बोलता हूं, वो मैं करता हूं जो मैं नहीं बोलता हूं वो मैं जरूर करता हूं.... इसके साथ ही अक्षय कुमार के कई डायलॉग सुनाए जिन्हें देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। विकल्प ने अपनी टीम के साथ हुबहू अक्षय कुमार की तरह उनकी आवाज में कई कॉमेडी डायलॉग भी सुनाए, जिन्हें देखकर लोग लोटपोट हो गए। हंसी ठिठोली का यह सिलसिला रात 10 बजे तक चलता रहा।

### दिखावा की चीजों में समय बर्बाद न करें : अजय

मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कार्यक्रम जनता की भागीदारी के साथ हो। कुरूद में परंपरा स्थापित होगी उसकी बुनियाद डालने वाले आप होंगे। खास तौर पर महिलाओं की भागीदारी ज्यादा हो। हम परदे के पीछे रहकर आपको बस सहयोग करेंगे। फाउंडेशन को आकार लेने में अभी थोड़ा समय लगेगा। फाउंडेशन के लिए यह पहचान बनाने का वर्ष है। इसकी नींव बहुत पहले रखी गई थी, अब आकार ले रहा है। दिखावा की चीजों में समय बर्बाद न करें।

## डिग्री गर्ल्स कालेज रायपुर ने जीता महिला कबड्डी का खिताब



■ फाइनल में शासकीय महाविद्यालय आरंग को किया पराजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कालेज के खेल मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीदेवी चौबे थीं। उन्होंने टीम को पूरे अनुशासन एवं खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। पहले सेमी फाइनल में डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने विप्र कॉलेज रायपुर को पराजित किया एवं दूसरे सेमी फाइनल में शासकीय महाविद्यालय आरंग ने यूटीडी रायपुर को हराया।

फाइनल मैच डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर एवं शासकीय महाविद्यालय आरंग के मध्य खेला गया जिसमें डिग्री गर्ल्स कॉलेज ने शानदार खेल दिखाया और शासकीय महाविद्यालय आरंग को पराजित कर महिला कबड्डी का खिताब जीता।

समापन समारोह में साईंस कॉलेज रायपुर के सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी डॉ. रामानंद यदु, चयन समिति सदस्य प्यारेलाल साहू एवं हेमंत सिंग ठाकुर को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। मैच रेफरी ओ.पी. जायसवाल, मनोज प्रभान, विकास कुमार, आकाश कुमार एवं रितेश कुमार थे। प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने विजेता टीम डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर को विजेता कप एवं समस्त खिलाड़ी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। मंच संचालन प्रो.पंकज जैन व आभार प्रदर्शन डॉ. देवाशीष हाजरा ने किया।

## लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज ने मनाई दिवाली



**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

परिक्षेत्र साहू समाज लिमतरा द्वारा ग्राम लिमतरा के साहू भवन में दिवाली मिलन एवं उत्कृष्ट कृषक सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष गोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू थे। कार्यक्रम कर्मा माता की पूजा आरती के पश्चात प्रारंभ हुआ। अतिथि उद्बोधन के पश्चात कृषि कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरिओम साहू, नंदझरूखा साहू, खरेराम साहू,ताराचंद साहू का सम्मान किया गया। सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई कर निपटारा किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष हंसराज साहू ने बताया कि समाज को सशक्त बनाने एवं नई दिशा देने दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर निर्मल साहू, ज्ञानानंद साहू, तहसील मीडिया प्रभारी माधवेंद्र हिरवानी, गुलाब साहू, चुनुराम साहू, राजाराम साहू, लीपचंद साहू, भीषम साहू, अमरदास साहू, हेमलता साहू, रेणुका साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनी दीपावली

**सिर्री।** सिर्री में 1 नवंबर शुक्रवार को दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के कुछ गांवों में 31 अक्टूबर को भी लक्ष्मी पूजन विधिवत संपन्न की गई। सिर्री सहित अंचल में दीपावली पर्व पर सभी के घर रोशनी से जगमग रहे। शुक्रवार को सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्साह का माहौल रहा। मनभावन रंगोली ने घरों की आकर्षकता को और बढ़ाया। शुभ-मुहूर्त में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की गई। बच्चों सहित बड़ों में भी जमकर पटाखे फोड़े। रात्रि में ही क्षेत्र के गांवों के विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीत बाजे-गाजे के साथ गूंजती रही। लोग दर्शन करने आशीर्वाद लेने भीड़ लगी रही।

## बगौद की डांस प्रतियोगिता में अनमोल ग्रुप प्रथम




**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद**

ग्राम बगौद में ग्रामवासियों, जय बजरंग नाट्य एवं मानस मंडली के तत्वावधान में मातर पर झमाझम डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सामूहिक वर्ग में प्रथम अनमोल डांस ग्रुप पुरी धमतरी, द्वितीय लोकमाला डांस ग्रुप भखारा, तृतीय आदिवासी डांस ग्रुप कुर्रा, चतुर्थ जय मां दुर्गा ग्रुप कुंडेल, पंचम मोर भुंईया डांस ग्रुप कुर्रा एवं एकल वर्ग में प्रथम नंदिनी नेताम दुगली, द्वितीय वृंदा यादव महासमुंद, तृतीय मनमोहक सिलीडीह, चतुर्थ आयुश ठाकुर सेमरा डी रहे। कार्यक्रम में कमलेश चन्द्राकर, पारसमणि साहू, बृजलाल साहू, माधव बंजारे, रामाधीन धुव्र, प्रमोद ध्रुव, कलीराम बघेल, लोकसिंग साहू, कुंजलाल साहू, राधेश्याम मेहर, तुकेश साहू सहित समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### क्रिकेट में भुरसीडोंगरी विजेता

**नगरी।** बेलरगांव ब्लाक के ग्राम हिर्रीडीह में दिपावली के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शनिवार को आयोजन इस प्रतियोगिता में भुरसीडोंगरी और मावली पारा के बीच फाइनल मैच खेला गया। प्रथम किकेट क्लब भुरसीडोंगरी ने जीत हासिल का 13000 रु व शील्ड प्राप्त किया। वहीं उपविजेता किकेट कलब मावली पारा को 8001 रु और शील्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य धमतरी थे। वहीं अध्यक्षता हीरा लाल नेताम ग्राम पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलास नाथ प्रजापति, रजनीकांत देवांगन, ग्रा.पं.हिर्रीडीह वार्ड पंच सुमित्रा नेताम, कलाबाई मरकाम, चंद्रिका नेताम उपस्थित थे।


**शोक संदेश**



स्व. क्रांति कुमार साहू जी

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी **श्री क्रांति कुमार साहू** का आकस्मिक निधन दिनांक 27. 10. 2024, दिन-रविवार को हो गया है, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार रखा गया है। अतः आप इस कार्यक्रम में सहपरिवार पधारकर पुण्यात्मा को श्रध्दांजली अर्पित कर हमें अनुग्रहीत करें।

-कार्यक्रम- **दशगात्र** | 05. 11. 2024, दिन-मंगलवार, स्थान :- वार्ड क्र. 01, नगर पंचायत तुमगांव | टीप :- तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे

विनीत : त्रिलोकचंद-भावना (पुत्र-पुत्रवधु), लालचंद-भारती (पुत्र-पुत्रवधु), चंद्रशेखर-मोतिम (पुत्र-पुत्रवधु), उमाकांत-रेणुका (पुत्र-पुत्रवधु), मो. 9009947190

शोकाकुल परिवार : प्रभुराम, चेतनलाल, संतराम, डॉ. उदयराम देवनाथ, डॉ. उमेन्द, डॉ. लखन, तुकाराम, कस्तुरचंद, नागेन्द्र, जितेन्द्र दिनेश, प्रशांत, खेमराज, देवेन्द्र, तेजेश्वर, नवीन, सौरभ, केतन, लियांश, बंटी, बासु एवं समस्त साहू परिवार ...

नोट : जिन किसी स्वजन को शोक पत्र न मिल पाया हो कृपया इसे ही शोकपत्र समझें


# गांड़ा समाज के दीवाली मिलन समारोह में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम बिछिया में गांड़ा समाज द्वारा आयोजित दीवाली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक नंद ने समाज के ईष्ट देव की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात गांड़ा समाज के पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांड़ा समाज शिक्षित और संगठित समाज है। आज समाज के लोग हर क्षेत्र में कामयाबी का ध्वज लहरा रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं इस समाज का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दीपोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर गांड़ा समाज के पदाधिकारियों ने विधायक नंद से मंगल भवन में शेड निर्माण की मांग की, जिस पर हामी भरते हुए विधायक श्रीमती नंद ने समाज के मंगल भवन में शेड निर्माण के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपए देने की बड़ी घोषणा की। विधायक नंद के साथ ही कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामलाल चौहान, जनपद अध्यक्ष रूखमणि पटेल, अजा आयोग के पूर्व सदस्य पुनीत राम चौहान, विधायक प्रतिनिधि बिरंची बेताल समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गांड़ा समाज बसना ब्लाक अध्यक्ष गौतम चौहान, अध्यक्ष आनंद राम चौहान, सुशील चौहान, सुरेश चौहान, अमृतलाल पटेल, कुशल सिंह चौहान, आनंदराम चौहान, सुशील चौहान, सुदेश चौहान, संतोष चौबन, कांशीराम चौहान, खगेश्वर चौहान, चमार सिंह, नीलमणि चौहान, बेदराम चौहान, संतोष चौहान, रमेश चौहान, दशरथ चौहान, कौशिक चौहान, देवराम चौहान, अर्जुन चौहान, शंकर चौहान, प्रफुल्ल, नित्या चौहान, शाखाराम चौहान, चैतन चौहान, गंतराम चौहान, संतोष चौहान, कांशीराम चौहान समेत अन्य पदाधिकारीगण और स्वजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


Gomti THRESHERS

किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000


## केंद्र के समान 53 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग



**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

■ पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की बैठक राजनांदगांव में यशवंत दीवान प्रांतीय अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं अनिल कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष राजनांदगांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को शून्य करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 29 अक्टूबर को 4 प्रतिशत महंगाई राहत दी है। पेंशनरों को 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत पेंशन मिलेगी। आगे कहा कि टीडीएस के नाम से राशि पेंशन से काटी जा रही है। टीडीएस कटौती बैंकों द्वारा बंद नहीं होगी तो माननीय हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ में अपील की जायेगी। आगे बताया कि केंद्र सरकार के पेंशनरों के समान देय से 53 प्रतिशत महंगाई राहत हेतु छत्तीसगढ़ शासन को मांग पत्र सौंपा जा चुका है। मौके पर श्रीमती विद्या देवी साहू, गणेश दत्त राव, वीरेंद्र नाग, राम अवतार शर्मा, नकुल नेताम, बीपी तिवारी समेत अनेक पेंशनर मौजूद रहे। इस दौरान नए सदस्यों एवं कमल कुमार दुबे के 83 वर्ष पूर्ण करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

## दिव्यांग मित्रों का दीपावली मिलन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

छग राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक नवम्बर को जरही माता मंदिर सांकरा में प्रेरणा जनकल्याण समिति एवं दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मितव्ययता एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की बात कही गई। कार्यक्रम में दिव्यांगता पेंशन के लिए गरीबी रेखा समाप्त करने, पेंशन राशि बढ़ाने संबधी आवेदन विधायक ओंकार साहू को देने का निर्णय लिया गया, जिसे विधानसभा के पटल पर रख सके। प्रशिक्षण में आने वालों की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी सुलेखा अली को दिया गया तथा भविष्य में दिव्यांगजनों की वैवाहिक कार्यक्रम की रुपरेखा बनाया गया। इस अवसर पर बंसत विशनोई, संतोषी विशनोई, रोहित साहू, सुलोचना, डेरहाराम नीलकंठ, शंकर चित्रकांत सोनकर, फागूराम एवं घनश्याम सिंह साहू उपस्थित रहे। राज्य स्थापना दिवस पर छग के निर्माता भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेई का स्मरण किया गया।


Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सरायपाली में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप सीएचसी सराईपाली में आयोजित किया गया। जहां 34 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। इस कैंप में डॉ पी कुदेशिया, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से कैंप आयोजित किया गया। सीएचसी सराईपाली से वीए कोसरिया बीएमओ, सीतल सिंह बीपीएम, डॉ वर्षा सतपती द्वारा सहयोग किया गया। मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग से आरजी खूंटे पीएस डब्लू, टेकलाल नायक का सहयोग रहा।

### मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया अज्ञात वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** शहर की समाज सेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा सोमवार को एक 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक वृद्ध के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि विगत 3 दिन पूर्व इस वृद्ध व्यक्ति को किसी ने उपचार के लिए जिला हॉस्पिटल खरोरा में भर्ती कराया था। यह वृद्ध व्यक्ति लकवा बीमारी से भी पीड़ित था, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु होने पर उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपा गया। स्थानीय दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, गुमानचंद जैन, संजय साहू ने उक्त अज्ञात वृद्ध व्यक्ति के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार किया।



### सुआ नृत्य दल का किया गया स्वागत

**महासमंद।** ग्राम गुड़रूडीह में जनपद पंचायत महासमुंद के सभापति रमाकांत ध्रुव द्वारा सुआ नृत्य करने पहुंची बच्चियों का स्वागत किया गया। स्नेह स्वरूप उनको श्रीफल भेंट किया गया।



### बृजराज स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में नेहान कुरैशी के जन्मदिन पर उनके पिता मो निसार शेख कुरैशी व माता रुखसाना द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्चों को केला, समोसा, जलेबी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गोमती साहू, शिक्षक मनीषा साहू, नेहा चंद्राकर, देवेंद्र ठाकुर, सुशांत शेखर धराई उपस्थित रहे।

## आयोजन : राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुई रंगोली प्रतियोगिता

# टैगोर व अशोक सदन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सीसीए विभाग द्वारा शिवा, टैगोर, अशोक एवं रमन सदन के विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया तथा खेल दिवस एवं विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की वंदना और पूजन से उत्साह और उल्लास से भरा आयोजन प्रारंभ हुआ। जिलाधीश ने चार सदन के रंगोली का निरीक्षण कर छात्रों के कार्यों की सराहना की। साथ ही प्राचार्य संजय कंसल ने बच्चों को प्रेरित कर शुभकामनाएं दी। सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर, सह प्रभारी भूमिका पराशर एवं दशरथ राम यादव के संयोजन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता तथा विशेष प्रातः कालीन सभा का आयोजन किया गया। घनश्याम साहू ने सरदार पटेल की जीवन पर प्रकाश डाला। सभी स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने एकता की शपथ लेकर राष्ट्र हित में कार्य करने की प्रतिज्ञा करते हुए यूनिटी रन में भाग लिया। एकता दौड़ को प्राचार्य संजय कंसल ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। रंगोली प्रतियोगिता में टैगोर एवं अशोक सदन संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिवा भी सदन दूसरे स्थान पर रहे। वही रमन सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विविध कार्यक्रम में अलंकरण एवं खेल कूद कार्यक्रम में स्वागत के लिए प्राथमिक विभाग के छात्रों ने संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन के निर्देशन में मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जबकि, माध्यमिक विभाग के छात्रों ने भारत का स्वर्णिम गौरव केन्द्रीय विद्यालय लाएगा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए। सभी सदनों के छात्रों ने रंगारंग मार्चपास्ट कर अपनी अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में वंदिनी जौहरी, निर्मलकर एवं डॉली ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी सदनों के प्रभारी और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। नीलमाधव ने एकता शपथ पठन किया । कांता एक्का ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किए। शिवाजी सदन प्रभारी घनश्याम साहू, सलाहकार वंदना आचार्य, और सदस्यों में रवीना मीना, गिरिजाकुमार निर्मलकर शामिल रहे। टैगोर सदन के प्रभारी विवेक शर्मा, सलाहकार सुरेश कुमार सिंह, सदस्य विवेकानंद प्रधान, शिवानी ने भी सहयोग किया। अशोका सदन में प्रभारी तुलसीराम चंद्राकर, सलाहकार लोकेश सिंह साहू और सदस्य आर्यन का योगदान सराहनीय रहा। रमन सदन की प्रभारी मनीषा, सलाहकार रोहिता बंसोड और सदस्य सीमांचल प्रधान ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। खेल प्रभारी सोहनलाल साहू, योग शिक्षिका भारती, हुलसी साहू, भूमिका साहू (नर्स), गजाधर मिश्र, ईश्वर नायक, अभिषेक, डाली के अलावा प्राथमिक विभाग से नीलमाधव सिंह, सूर्य कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार पटेल, प्रवीण कुमार साहू, गुलाब आवडे, प्रताप सोनी, नेहा, मोनिका, विजेता, सोनिया, बालवाटिका शिक्षिका प्रकृति, शिक्षक नागेश साहू, कंप्यूटर शिक्षक सीताराम साहू ने भी पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने परसवानी में मोबाइल कैंप आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जिले के सभी विकासखंडों में संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन

शासन के घोषणा अनुरूप जिले में मोबाइल कैंप का आयोजन कर संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाना है।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों में 40 स्थलों पर 5 नवंबर से 28 दिसंबर 2024 तक मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवानी में 5 नवंबर, ग्राम कांपा में 13 नवंबर, ग्राम गोपालपुर में 20 नवंबर, ग्राम घोड़ारी में 28 नवंबर, ग्राम बम्हनी में 2 दिसंबर, ग्राम छिंदौली में 12 दिसंबर, ग्राम चिरको में 20 दिसंबर एवं ग्राम बरबसपुर में 28 दिसंबर 2024 को मोबाइल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मामाभांचा में 8 नवंबर, ग्राम आंवराडाबरी में 11 नवंबर, ग्राम डोंगरीपाली में 18 नवंबर, ग्राम सुनसुनिया में 25 नवंबर, ग्राम नर्रा में 6 दिसंबर, ग्राम अनवरपुर में 10 दिसंबर, ग्राम मोगरापाली (स) में 17 दिसंबर, ग्राम बिंद्रावन में 24 दिसंबर, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम लहरौद में 7 नवंबर, ग्राम गोड़बहाल में 14 नवंबर, ग्राम लाखागढ़ में 21 नवंबर, ग्राम पिलवापाली में 29 नवंबर, ग्राम मेंमरा में 5 दिसंबर, ग्राम ठाकुरदियाखुर्द में 13 दिसंबर, ग्राम जंगोरा में 21 दिसंबर को शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम हबेकाटा में 9 नवंबर, ग्राम बड़ेढाबा में 16 नवंबर, ग्राम गढ़फुलझर में 19 नवंबर, ग्राम जगत में 26 नवंबर, ग्राम गनेकेरा में 3 दिसंबर, ग्राम दुरूगपाली में 9 दिसंबर, ग्राम नौगढ़ी में 16 दिसंबर, ग्राम ढालम में 19 दिसंबर, ग्राम रंगमटिया में 26 दिसंबर तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम किसड़ी में 6 नवंबर, ग्राम बोंदानवापाली में 12 दिसंबर, ग्राम मोहदा में 22 नवंबर, ग्राम केंदुढार में 27 नवंबर, ग्राम देवलभाठा में 4 दिसंबर, ग्राम कलेण्डा में 11 दिसंबर, ग्राम नवरंगपुर में 23 दिसंबर एवं ग्राम बांझापाली में 27 दिसंबर 2024 को मोबाइल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

श्रम पदाधिकारी ने सभी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के पात्र श्रमिकों से अपील किया है कि वे शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा श्रम पंजीयन, नवीनीकरण के लिए आधार कार्ड (सभी सदस्यों का), बैंक पासबुक, आय प्रमाण एवं मोबाइल नंबर शिविर स्थल पर साथ लेकर आएं।

### चयनित अधिकारियों का ऑनलाइन प्रशिक्षण कल

**महासमुंद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए फसल धान की प्रविष्टियों का सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने भुईयां सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट फसल धान की प्रविष्टियों में से 5 प्रतिशत प्रविष्टियों की रैंडम जांच का निर्देश जारी किया है। इसके तहत उपखंड और जिला स्तर के अधिकारियों को चयनित खसरों का भौतिक सत्यापन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सत्यापन का यह कार्य चरणबद्ध रूप में किया जाएगा। प्रथम चरण के तहत सत्यापित गिरदावरी प्रविष्टियों का सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए जिले के उपखंड एवं जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तर पर एनआईसी टीम द्वारा चयनित अधिकारियों को 6 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे भौतिक सत्यापन ऐप का उपयोग कर सकें। सभी निरीक्षणकर्ता अधिकारी दिए गए लिंक से भौतिक सत्यापन ऐप डाउनलोड कर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन करेंगे और चयनित खसरा प्रविष्टियों का सत्यापन करेंगे। तकनीकी सहायता के लिए देवेन्द्र कुमार और प्रशांत जोशी से संपर्क किया जा सकता है।

### शिक्षा मनुष्य के जीवन का उपहार है: तुषार



**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी में जय मां महामाया सुआ समिति के तत्वावधान में मातर महोत्सव पर सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार साहू अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता समिति के अध्यक्ष रवि सोनकर, संरक्षक उदय यादव, अजय सोनकर, विक्रम सोनकर, सूरज सोनकर, राजा सोनकर, राजेश्वर ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## उपकार भवन में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन में दीपों का पर्व दीपावली बड़े हर्षोल्लास और खुशियों के साथ मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बहनें एवं पूरा ईश्वरीय परिवार दीपावली के दिन एकत्रित होकर दीपक जगाते हुए अपने जीवन को भी ज्ञान दीपों से रौशन करने का व्रत लिया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्मा कुमारी प्रीति दीदी ने दीपावली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि जिस प्रकार अन्धकार को मिटाने के लिए रौशनी करना आवश्यक है, ठीक उसी प्रकार हमें हमारे जीवन में एक आध्यात्मिक रौशनी लाने के लिए स्वयं अपनी आत्मा की ज्योति जगाकर स्वयं को जगाना ही पड़ेगा अर्थात स्वयं की पहचान और परमात्मा की पहचान अत्यंत जरूरी है, जिससे जीवन में नई पहचान नई ऊर्जा नई शक्ति नई सोच उत्पन्न हो। पिता परमात्मा हमें सिखाते है कि घर की सफाई के साथ साथ मन की भी सफाई ज़रूरी है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, भय, नफरत रूपी कचरे को निकाल सुख शांति पवित्रता आनंद, प्रेम, ज्ञान और शक्ति को अपने जीवन को सजाएं तब सही मायनों में दिवाली मनाई जाएगी। इस पर्व पर हम सभी शुभ भावनाओं रूपी अमूल्य गिफ्ट दें और गिफ्ट लें, भाई दूज के दिन सभी भाई-बहनों को आत्मिक स्मृति का तिलक मस्तक पर सजाया गया एवं दिलखुश मिठाई खिलाई गई।



### बेलर मोहंदी में मनाया गया मातर महोत्सव

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक के ग्राम बेलर मोहंदी में मातर महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिविशेष अतिथि के रूप में पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान सभापति, जिलाध्यक्ष मरार पटेल समाज एवं सर्व समाज जिला कार्यकारी अध्यक्ष, मुन्ना साहू पूर्व सरपंच एवं सर्व समाज जिला संरक्षक, कोमल महानंद, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मंच संचालक उत्तम ध्रुव थे। बतौर अतिविशेष अतिथि पटेल ने मातर त्यौहार का महत्व बताया कि लोग मातर एवं दिवाली क्यों मनाते और लोग इस त्यौहार को मनाने दूर-दूर से अपने गृह ग्राम में क्यों आते है, क्योंकि, अपनी धरती माता से प्रेम, अपने गांव से प्रेम अपने बचपन से जुड़ी हुई यादें अपने पूर्वजों को याद कर उन संस्कारों को निभाते हैं और अपने ईष्ट देवी देवताओं का पूजा अर्चना करते है। साथ ही मोहंदी से बेलर जाने के लिए पक्का सड़क के लिए क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव से मांग करते हुए अवगत कराया।

### शोभायात्रा निकाल कर लक्ष्मी प्रतिमा का किया विसर्जन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित भाठापारा में मां लक्ष्मी की मूर्ति युवा सदस्यों द्वारा धनतेरस को विराजित की गई थी। प्रत्येक दिन पूजा अर्चना कर सोमवार को विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। वही दीप पर्व पर घर प्रतिष्ठान मंदिर व सरकारी दफ्तर में मां लक्ष्मी व गणेश का विधिवत पूजा की गई है। ग्राम के मुख्य चौराहे से होकर प्रतिमा का विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जगह-जगह श्रद्धालुजन शामिल होकर स्वागत द्वार बनाकर पूजा आरती की। जिसमें श्रद्धालुओं ने सेवा गीत की धुन पर नाचते गाते हुए लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन तालाब में किया गया। इस दौरान भक्ति मय वातावरण के साथ खूब जयकारे भी लगाए गए।



## खरोरा के शहीद स्मारक में मनाया गया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में दीपावली पर 1 नवंबर को शहीद स्मारक पर दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शहीदों के नाम से दीपक जलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि देर शाम स्थानीय परिसदन के समक्ष शहीद स्मारक सैकड़ों दीयों से जगमगा उठा। शहीद स्मारक को दीपमालाओं से रौशन कर मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद किया गया।

आस्था के साथ शहीदों की याद में जब दीये जगमगाए तो चारों ओर शौर्य और उजाला छा गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को नमन किया, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान देश के लिए दिया है। और देश की सुरक्षा जवानों के हाथों में है, जब हम नींद में रहते हैं तो देश की सरहद की सुरक्षा करते हैं। कई ऐसे जवान हैं, जिन्होंने अपना सर्वोच्च निछावर देश के लिएकर दिया। उन शहीदों के नाम पर दीपक शहीद स्थल पर जलाया गया जा रहा है, यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि भी है। हर भारतीय का यह दायित्व है कि जहां भी शहीद स्थल या स्मारक है उसे साफ रखें और दीपावली के दिन शहीदों के नाम से दीपक जलाएं जाता है। सेना के जवान देश के लिए शहीद होते हैं और जब उनकी याद में ऐसा कार्यक्रम होता है तो दिल प्रफुल्लित हो जाता है। जिस तरह हम अपने घर में ईश्वर के सामने दीपक जलाते हैं ठीक उसी तरह शहीद जवानों के नाम पर भी घर में दीप जलाएं गया चाहिए। देश सर्वोपरि है, यह हम सभी को समझना चाहिए, जिस तरह से जवान हंसते-हंसते देश के लिए अपना कुर्बानी दे देते हैं इस तरह हमें भी जवान के परिवार वालों को सम्मान के लिए दीपक जलाया जाता है। रंजन चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के लोगों ने शहीद स्मारक में शहीदों के नाम से दीपक जलाया गया।



### मातर त्योहार में शरीक हुए देवीचंद

**महासमुंद।** वार्ड 10 के पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने वार्ड नंबर 14 गौरा चौरा में ठेठवार यादव समाज द्वारा आयोजित मातर त्यौहार में शामिल होकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। उल्लेखनीय है कि वर्षों से यादव समाज द्वारा मातर पर्व उल्लासमय वातावरण में मनाया जाता है। इस अवसर पर यादव समाज के प्रमुख घनश्याम यादव, जगदीश यादव, दीनू यादव, भरत, कृपाराम यादव, प्रकाश यादव, संतोष यादव, भागवत, नारद यादव सहित समाज के सभी महिला पुरूष व शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आमाकोनी में गौरव सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमाकोनी में गौरव सम्मान समारोह का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। प्रत्येक क्षेत्रों में अपनी उपलब्धि से गांव के नाम गौरवान्वित करने वाले लोगों को दीपावली मिलन समारोह पर ग्राम गौरव सम्मान दिया गया। जिसमें कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं और बारहवीं में ग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र के साथ राशि एवं 75 साल से ऊपर के समस्त बुजुर्गों को शॉल एवं फल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद पंचायत सदस्य व महासमुंद भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष थान सिंह दीवान रहे। वहीं इस दौरान कक्षा बारहवीं से भूमिका चक्रधारी एवं सुमित राणा कक्षा दसवीं से निखिल जगत एवं दुर्गेश्वरी चक्रधारी, कक्षा आठवीं से भावना चक्रधारी एवं खिलेश्वरी चक्रधारी, कक्षा पांचवी से महिमा चक्रधारी, भूमि चक्रधारी एवं रेणुका चक्रधारी को सम्मानित किया गया। दीपक चक्रधारी एवं महेंद्र मोंगरे को उनकी विशेष उपलब्धि पर साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। साथ ही गांव के 19 बुजुर्गों का भी सम्मान किया गया। जिनमें कार्तिक राम चक्रधारी, शोभाराम चक्रधारी, धनई चक्रधारी, धीरबाई यादव एवं कारी बाई चक्रधारी हैं। वहीं बच्चों ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी गीतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों ने देर रात तक समां बांधे रखा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी के फार्मासिस्ट एवं दो कदम प्रकृति की ओर समिति के संस्थापक संजय साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम दो कदम प्रकृति की ओर समिति एवं समस्त ग्रामवासी आमाकोनी के संयुक्त प्रयास से हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में शिक्षा, नारी शक्ति एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता एवं लोगों के प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास था। आयोजन का संचालन मणि चक्रधारी, चुम्मन जगत एवं आभार प्रदर्शन संजय साहू ने किया। इस दौरान पवन चक्रधारी, जीवन ठाकुर, जनक ठाकुर, माखन चक्रधारी, राजेंद्र विश्वकर्मा, गोरेलाल चक्रधारी, चुम्मन लाल जगत, मनीराम चक्रधारी, अजय साहू, हेमंत राणा, बुधराम मोंगरे, उदेश्वर चक्रधारी, तीरथ चक्रधारी, करण चक्रधारी, मन्नूलाल चक्रधारी, ठगेश्वर चक्रधारी, डमन चक्रधारी, हरिराम चक्रधारी, मोहन दास, श्याम कुमार निषाद, मुन्ना विश्वकर्मा, गौतम चक्रधारी, प्रकाश चक्रधारी, रजनु निषाद, मनोज यादव, गुलशन दीवान, पुष्पराज निषाद, युगांत चक्रधारी, पुष्कर राणा, संजय साहू आदि मौजूद रहे।

